Patna, Thursday, 25 February 2016

inext

www.inextlive.com — आई नेक्स्ट

Patna, Agra, Allahabad, Bareilly, Dehradun, Gorakhpur, Indore, Jamshedpur, Kanpur, Lucknow, Meerut, Ranchi and Varanasi — Vol 8, Issue

एक्साइज व सर्विस टैक्स में लक्ष्य से आगे

» एक्साइज टैक्स में 44 व सर्विस टैक्स में 20 फीसदी की वृद्धि

PIC: I NEXT

patna@inext.co.in

PATNA (24 Feb): सेंट्रल एक्साइज एंड सर्विस टैक्स दोनों में काफी बढ़ोतरी हुई है. लक्ष्य से दोनों में ही अधिक राशि अर्जित की गई. चालू वित्तीय वर्ष में सेंट्रल एक्साइज टैक्स का लक्ष्य 14 हजार करोड रुपए का है जबकि अब तक करीब 17 हजार करोड़ रुपए अर्जित किया गया है. बुधवार को यह जानकारी सेंट्रल एक्साइज एंड सर्विस टैक्स के चीफ कमिश्नर शिव नारायण सिंह ने दी. वे सेंट्रल एक्साइज डे के अवसर पर इनकम टैक्स ऑफिस में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होने बताया कि देश में सेंट्रल एक्साइज एंड सर्विस टैक्स के कुल 27 जोन हैं, जिसमें रांची जोन का छठां स्थान है. यह एक बड़ी सफलता है.

14780 करोड़ का मिला राजस्व

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान जनवरी, 2016 तक रांची जोन के द्वारा 14780 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया गया है. एक्साइज और सर्विस टैक्स दोनों में सम्मिलित रूप से 40.15 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई है. जबकि अलग-अलग देखें तो एक्साइज में 44 परसेंट और इनकम टैक्स में 20 परसेंट की वृद्धि हुई है. बिहार-झारखंड में पांच कमिश्नरेट है, जिसमें जमशेदपुर में नई बिल्डिंग स्थापित की गई है. जल्द ही रांची और धनबाद में भी विभाग का अपना ऑफिस होगा.

दस करोड़ के मामले निपटाए

कमिश्नर (ऑडिट) पीके कटियार ने कहा कि पेंडिंग केसेज में बहुत अधिक सुधार हुआ है. बीते दस महीने में सर्विस टैक्स के 10 करोड रूपये से अधिक मामले निपटाये गए. पिछले वित्तीय वर्ष में 32 करोड़ रूपये अर्जित किया गया सेंट्रल एक्साइज से जबकि अभी मार्च, 2016 से पहले ही 52 करोड़ रूपये का राजस्व रियलाइज किया गया है. इससे पहले एक्साइज कमिश्नर (प्रीवेंटिव) वीसी गुप्ता ने कहा कि बीते 72 सालों में सेंट्रल टैक्स में काफी बदलाव आया है. उद्देश्य अर्थव्यवस्था को गति देना है. बताया कि अप्रत्यक्ष करों में जीएसटी एक बड़े सुधार कार्यक्रमों को गति देगा. इसका लाभ उद्योग जगत के लोग भी प्राप्त करेंगे.

अवेयरनेस ड्राइव चलेगा

चीफ कमिश्नर शिव नारायण सिंह ने कहा कि सर्विस टैक्स में और बढ़ोतरी की उम्मीद है. इसके लिए अवेयरनेस ड्राइव चलाया जाएगा. इसमें संबंधित स्टेटहोल्डर से बातचीत की जाएगी. उन्होंने सक्सेस मंत्र 'पाथ' का जिक्र किया. इसे विस्तार से बताते हुए कहा कि 'पी' से प्रोफेशनलिज्म, 'ए' से एकाउंटबिलिटी, 'टी' से ट्रांसपेरेंसी और 'एच' यानि ऑनेस्टी.

एक्साइज टैक्स में अग्रणी

- आईओसीएल, बरौनी
- आईटीसी
- सेल, बोकारो
- बीएसएनएल

सर्विस टैक्स में अग्रणी

- एसआईएस
- जिटको, जमशेदपुर
- धनसार इंजीनियरिंग
- मेकॉन, रांची